एक नजर में

शिवाय फॉर्म्स पर भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न

उज्जैन। आज आरके डेवलपर्स के नए प्रोजेक्ट शिवाय फॉर्म एंड रिसॉर्ट का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के बड़े भाई नारायण यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। आज भूमि के साथ ही पहले चरण में 51 विला बनाने का काम शुरू हो गया है। जानकारी देते हुए आरके डेवलपर्स के डायरेक्टेर राकेश अग्रवाल ने बताया के बड़नगर रोड पर धरम बड़ला स्थित हमारा नया फॉर्म एंड रिसॉर्ट प्रोजेक्ट शिवाय फॉर्म्स एंड रिसॉर्ट शहर को हमारी नई सौगात होगी। हमारा यह प्रोजेक्ट सभी फाइव स्टार फैसिलिटी से सुसज्जित होगा। इस प्रोजेक्ट की सबसे अनोखी बात ये है ग्राहकों को हम इस प्रोजेक्ट में ना सिर्फ बेहतर इन्वेस्ट ऑप्शन दे रहे हैं। बल्कि ग्रांटेड रिटर्न एवं बाय बैक फैसिलिटी भी दी जा रही है और ऐसी सुविधा वाला यह शहर का एकमात्र ऐसा प्रोजेक्ट है। ना सिर्फ उज्जैन शहर बल्कि पूरे मध्यप्रदेश एवं पड़ोसी राज्यों के ग्राहकों द्वारा भी हमारे इस प्रोजेक्ट को लेकर बहुत उत्साहित हैं। इस प्रोजेक्ट की अन्य विशेषता की बात की जाए तो हर 5000 स्क्वेयर फिट के फॉर्महाउस में 600 स्क्वेयर फिट कंस्ट्रक्शन कर के दिया जाएगा जो कि फुली फर्निश्ड होगा। इसमें 2 बेडरुम, हॉल किचन पैंट्री के साथ ही हर रूम डबल बेड, हॉल में सोफा, टीवी, ऐसी भी लगाकर दिया जाएगा। हर विला के बाहर गाजिबों भी रहेगा। इस प्रोजेक्ट में पार्किंग, बैंक्वेट हॉल, क्लब हाउस, रेस्टोरेंट, मैरिज गार्डन भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध रहेगा।

मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर हुई परिचर्चा

उज्जैन। शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर परिचर्चा आयोजित की गई। जिसमें आचार्य डॉ. सदानंद त्रिपाठी, डॉ. ममता मलिक, डॉ. गणेश प्रसाद द्विवेदी, सूरित राम ध्रुव ने अपने विचार व्यक्त किये। उक्त विषय पर विद्यार्थियों ने भी संबंधित विषय पर अपनी जिज्ञासाएं प्रकट की। जिनका समाधान प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. श्रेयस कोराने, यश शर्मा, नीता पंड्या एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गणेश प्रसाद द्विवेदी द्वारा किया गया।

कोयला फाटक चौड़ीकरण शीघ्र पूर्ण करें

उज्जैन। कोयला फाटक से इंद्रप्रस्थ टावर एवं कंठाल चौराहा तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य का शुक्रवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चौड़ीकरण मार्ग में पेयजल पाइपलाइन, विद्युत पोल शिफ्टिंग, ड्रेनेज कार्य, नाली संधारण कार्य आदि का तीव्र गति से पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किये गए। चौड़ीकरण कार्य में जन मानस के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से रहवासियों ने स्वयं अपने मकान को हटाया है इसी अपेक्षा के साथ सभी कार्य तय समय सीमा में पूर्ण करें। आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने निर्देश दिए की मार्ग में नाली निर्माण कार्य जो कि सही एलाइनमेंट में नहीं है उसे पुन: तोड़कर नाली निर्माण कार्य एलाइनमेंट कर सही दिशा में बनाए, चौड़ीकरण मार्ग में नालियों में जल भराव के दौरान कीटनाशक का छिड़काव एवं सफाई के निर्देश आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने दिए। निरीक्षण के दौरान जोन अध्यक्ष सुशील श्रीवास, पार्षद प्रतिनिधि मोहित जायसवाल, सहायक यंत्री डीएस परिहार, उपयंत्री राजेंद्र रावत संबंधित कार्य के ठेकेदार उपस्थित रहे।

समिति की बैठक 9 नवम्बर को रायपुर में

उज्जैन। इंडियन रेलवे टिकट चैकिंग स्टॉफ ऑर्गेनाइजेशन की अगली केंद्रीय कार्यकारी समिति की बैठक 9 नवंबर को रायपुर में आयोजित होने जा रही है। यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजेश शर्मा ने बताया कि यह बैठक संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि इसमें आने वाले वर्ष के सभी प्रमुख कार्यों, योजनाओं और नीतिगत निर्णयों पर चर्चा होगी। इंडियन रेलवे टिकट चेकिंग स्टॉफ ऑर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह और महासचिव डॉ. हेमंत सोनी के नेतृत्व में होने वाली इस बैठक में देशभर के पदाधिकारी और सदस्य शामिल होंगे। रायपुर मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में स्वागत भाषण मण्डल अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा दिया जाएगा। जिसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का उद्घाटन भाषण होगा। बैठक का एजेंडा बेहद व्यापक है इसमें पिछली कार्यसमिति की समीक्षा, संगठनात्मक रिपोर्ट, राष्ट्रीय खातों का विवरण, सदस्यता 2026, आगामी राष्ट्रीय एनुअल जनरल मीटिंग, कर्मयोगी सम्मान समारोह, महिला मिलन समारोह और रेल एंबेसेडर पत्रिका जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इंडियन रेलवे टिकट चेकिंग स्टॉफ ऑर्गेनाइजेशन का यह सम्मेलन न केवल संगठन की कार्ययोजना को सशक्त करेगा। बल्कि टिकट चेकिंग कर्मचारीयों में एकजुटता, संवाद और सेवाभावना को भी नई ऊंचाई प्रदान करेगा।

सम्पत्तिकर अमले ने की सम्पत्ति की जांच

उज्जैन। आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार समस्त झोन के सम्पत्तिकर अधिकारियों द्वारा अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह एवं उपायुक्त योगेन्द्र पटेल के निर्देशन में शहर के बड़े होटल, शॉपिंग मॉल, मैरिज गार्डन एवं अन्य संस्थानों की सम्पत्तियों की जांच की जाकर निगम में दर्ज रिकार्ड से मिलान किया जा रहा है तथा अंतर पाए जाने पर सम्पत्तिकर का पुन: निर्धारण किया जा रहा है। जिसके क्रम में शुक्रवार को झोन क्रमांक 04 अंतर्गत आनंद मंगल परिसर, सुरभि गार्डन एवं ज्योति नगर एमपीईबी ऑफिस के कमर्शियल क्षेत्र की नपती की गई। निगम द्वारा आरंभ की गई यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी तथा सम्पत्तिकरदाताओं से अपील है कि वे अपने संस्थानों पर जांच हेतु आने पर निगम के सम्पत्तिकर अमले को सहयोग प्रदान करें।

अरज़ानी शाह दुल्हा से निकला चादर का जुलूस

उज्जैन। शिप्रा नदी स्थित हज़रत मौलाना मुगीसउद्दीन मौज चिश्ती रेह. अ. उज्जैन ख़लीफा-ए-मेहबूबे इलाही निज़ामुद्दीन ओलिया रेह.अ. का 672 वाँ उर्स मुबारक मनाया जा रहा है। उर्स के मौके पर वक्फ इंतिजामिया कमेटी दरगाह मौलाना मौज द्वारा चार दिवसी कार्यक्रम आयोजित किया गया। उर्स के अवसर पर दरगाह पर विद्युत सजावट की गई। सूफ़ी मो जाकिर गबु बाबा ने जानकारी देते हुए बताया कि उर्स के मौके पर क़मरी मार्ग स्थित अरजानी शाह दुल्हा रे.अ. से चादर का जुलूस निकाला गया। जुलूस क़मरी मार्ग से शुरू हुआ जो उज्जैन के प्रमुख मार्गो से होता हुआ मौलाना मौज पर जुलूस समाप्त हुआ। इसके बाद चादर पेश की गई और देश में अमन शांति बनी रहे इसके लिए दुआ की गई। जुलूस का सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया।

सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज हमारे लिए सदैव आदर्श रहेंगे : मुख्यमंत्री

कश्मीर फाइल्स के डायरेक्टर मालवा पर बनाएंगे फिल्म, करोड़ों के विकास कार्यों का सीएम ने उन्हेल में किया भूमि पूजन

कालिदास अकादमी में दिव्यांगों को बांटे उपकरण

सम्राट की नाम पट्टिका का किया अनावरण

उज्जैन। सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज हमारे लिए इतिहास पुरुष ही नहीं है बल्कि वह हमारे लिए आदर्श है, जो सदैव बने रहेंगे। दोनों की ख्याति विश्व विख्यात है और दोनों राजाओं ने उज्जैन में जिस तरह से शासन चलाया है वह अविस्मरणीय है। इधर कश्मीर फाइल्स बनाने वाले डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि उनकी अनुमति हो तो वे मालवा पर एक फिल्म बनाना चाहते हैं।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को उज्जैन पहुंचे उन्होंने सबसे पहले रतलाम से उन्हेल आकर करोड़ो रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। जिसमें उन्हेल से इंगोरिया तक बनने वाली महत्वपूर्ण सड़क की भी एक सौगात दी है।

यंग थिंकर्स कनफ्लुएंस के आयोजन में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अवंतिका विश्वविद्यालय, लेकोड़ा पहुंचे, यहां यंग थिंकर्स कनफ्लुएंस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अवंतिका यूनिवर्सिटी में दूसरी बार आया हूं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कश्मीर फाइल्स के डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री की बात को आगे बढ़ते हुए कहा कि आपने मध्य प्रदेश और मालवा पर फिल्म बनाने की जो इच्छा जताई है वह बहुत अच्छी सोच है। हमारे लिए तो राजा भोज और सम्राट विक्रमादित्य आदर्श रहे हैं। विवेक अग्निहोत्री को लग रहा था कि यदि उन्हें फिल्म बनाने का मौका मिला तो वह सम्राट राजा भोज और विक्रमादित्य पर फिल्म बना सकते हैं।

उन्हेल में लोकार्पण और भूमि पूजन किए

उन्हेल में सीएम के मुख्य आतिथ्य में 4.34 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित शासकीय महाविद्यालय झारडा के भवन, 1.47 करोड़ रुपए की लागत से शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कुंडीखेड़ा के भवन, 1.47 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित शासकीय कन्या हाई स्कूल महिदपुर के भवन, 1.47 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित शासकीय कन्या हाई स्कूल सेमलिया के भवन 10 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित आईटीआई तराना में 06 ट्रेड का भवन, 60 सीटर बालक छात्रावास, का लोकार्पण व साथ ही करोड़ों रुपए से होने वाले कार्यों का भूमि पूजन भी किया। नवभारत से चर्चा में एमपीआरडीसी के महाप्रबंधक विजय सिंह ने बताया कि उन्हेल से इंगोरिया पहले चरण का यह भूमि पूजन मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा किया गया। 24 किलोमीटर तक की लंबी टू लाइन सड़क 128 करोड रुपए की लागत से बनेगी। विश्वविद्यालय के कुलगुरु अर्पण भारद्वाज ने नवभारत से चर्चा में बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सम्राट नाम की पट्टिका का अनावरण किया। अब इसे विक्रम यूनिवर्सिटी के नाम की जगह सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय से जाना जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव को गॉड आफ ऑनर भी दिया गया।

अग्निहोत्री को सुनना अच्छा लगा, दिव्यांगों को दिए उपकरण

विवेक अग्निहोत्री जो कि कश्मीर फिल्म समेत कई फिल्मों के डायरेक्टर रहे हैं। वह भी यंग थिंकर कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लेकोडा अवंतिका यूनिवर्सिटी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने उद्बोधन के दौरान कहा कि यदि में विवेक जी को नहीं सुनता तो गलती कर जाता, बहुत अच्छा उद्बोधन उन्होंने दिया है और उनके बारे में विस्तार से जानने का अवसर मिला है, डायरेक्टर और आर्टिस्ट तो कई है और अपनी अपनी आजीविका के साथ ही कला का प्रदर्शन करते हैं। बावजूद विवेक अग्निहोत्री ने जो कार्य किया है वह काबिले तारीफ है। सीएम डॉ. यादव ने कालिदास अकादमी में सेवा सप्ताह अभियान के अंतर्गत दिव्यांगजनों को उपकरण वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह सिर्फ उपकरण नहीं है बल्कि पत्र दिव्यांगों को यह वितरित करते हुए मन को एक असीम शांति की अनुभूति होती है। हमारे दिव्यांगजन अपने पैरों पर खड़े रह सके। आत्मनिर्भर बने और समाज की मुख्य धारा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करें। मध्यप्रदेश सरकार की यही मंशा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बोले की अपनी कमजोरी को ही दिव्यांग अपनी ताकत बनाएं सरकार आपके साथ है।

महिला का चुड़ैल बातकर क्रूरता करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

नवरात्रि में महिला को गर्म सिक्के से दागा था, पांच की तलाश जारी

उज्जैन। नवरात्रि में महिला को चुड़ैल का साया होना बताकर आठ लोगों ने गर्म सिक्के से सिर दाग दिया था। उसके हाथों में जलते दीपक रख दिए थे। महिला के बेहोश होने पर सभी छोड़कर भाग निकले थे। महिला थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर महिला के साथ अमानविता करने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पांच की तलाश की जा रही है।

जूना सोमवारिया में रहने वाली हंसबाई ने गुरुवार शाम महिला थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई थी कि उसकी विवाहित बेटी उर्मिला पति से विवाद के बाद साथ में रहती है। लगातार बीमार रहने के चलते उसने रिश्तेदारों से चर्चा की थी। उन्होंने खाचरौद के श्रीवच गांव में सुगाबाई को माताजी आना बताया था। नवरात्रि में बेटी को लेकर सुगाबाई के पास पहुंची थी, जहां बेटी को चुड़ैल का साया होना बातकर सुगाबाई व उसके पुत्र कान्हा कलगांव के रहने वाले कान्हा भील, महिला के रिश्तेदार कान्हा चौधरी, मनोहर उर्फ मनोरिया, संतोष चौधरी, राजू चौधरी, रितेश पिता चंदर चौधरी ने उर्मिला को एक कमरे में बंद कर जंजीर से पीटा था उसके दोनों हाथों में जलते दीपक रख दिए थे और सिर पर गर्म सिक्का चिपका दिया था। उर्मिला के बेहोश होने पर सभी भाग निकले थे। महिला थाना प्रभारी लीला सोलंकी ने बताया कि मामले में आठ लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर रात में सुगाबाई के पुत्र कान्हा उर्फ कन्हैयालाल दायमा, 25 वर्ष, निवासी ग्राम श्रीवच, कान्हा पिता गोवर्धन चौधरी 28 वर्ष, निवासी ग्राम श्रीवच और संतोष पिता मांगीलाल चौधरी 28 वर्ष, निवासी ग्राम श्रीवच को गिरफ्तार कर लिया गया है। राजू चौधरी, रितेश पिता चंदर चौधरी, मनोहर उर्फ मनोरिया भील, सुगा बाई, कान्हा भील फरार है जिनकी गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम गठित की गई है।

डर के मारे दर्ज नहीं कराई थी रिपोर्ट

हंसाबाई ने बताया कि नवरात्रि में हुई बेटी के साथ घटना के बाद वह काफी डर गई थी। बेटी का इलाज करने के पैसे भी नहीं थे जिसके चलते उसके हाथ के जख्म गहरे हो गए थे और कीड़े पड़ने लगे थे। बेटी की बिगड़ती हालत को देखते हुए उसने शिकायत करने का मन बनाया और महिला थाने पहुंचकर अमानवीयता करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। महिला थाना प्रभारी के अनुसार पीड़ित उर्मिला के बयान भी दर्ज किए गए हैं और मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

शिप्रा विहार क्षेत्र में मगरमच्छ जैसी छिपकली देख लोगों में फैली दहशत

उज्जैन। शुक्रवार सुबह शिप्रा विहार क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों ने बडी छिपकली (मानिटर लिजार्ड) को देखा और उसे मगरमच्छ समझ लिया। इसके बाद लोगों का जमावड़ा हो गया। क्षेत्रीय नागझिरी थाना पुलिस भी दल बल के साथ सूचना पर पहुंच गई। वन विभाग के दल ने पहुंचकर सर्चिंग की लेकिन उनके हाथ कुछ नहीं लगा है।

प्रभारी रेंजर वन्यजीव मदन मौरे के अनुसार शुक्रवार को पूर्वान्ह में विभाग को शिप्रा विहार क्षेत्र में मगरमच्छ आने की सूचना मिली थी। उसके बाद क्षेत्रीय पुलिस नागझिरी थाना से सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर दल संसाधनों के साथ स्थल पर पहुंचा था। वहां कुछ लोगों ने मोबाइल में लिए फोटो बताए थे जो कि बडी छिपकली कहे जाने वाले (मानिटर लिजार्ड) गोह के थे। विभागीय दल ने क्षेत्र में काफी देर तक सर्चिंग की इस दौरान गोह का कहीं अता पता नहीं चला। मगरमच्छ समझ कर गोह को देखने के लिए यहां लोगों का अच्छा जमावडा हो गया था। कुछ लोगों ने बताया कि एक गोह करीब 3फीट से अधिक थी एवं एक छोटी थी। क्षेत्र में स्थितियां गोह के रहने जैसी है ऐसे में यहां यह जीव आ सकता है। यह जीव किसी को नुकसान नहीं पहुंचाता है। इससे किसी प्रकार की मानव को हानि नहीं होती है। यह बहुत ही शर्मिला जीव होता है। यह दुर्लभ स्थितियों में है। गोह वन्य प्राणी अधिनियम के तहत संकटगत अबल सूची में शामिल है।

उज्जैन लोकायुक्त की गिरफ्त में आया टोंक खुर्द का सीईओ

उज्जैन। संभागीय लोकायुक्त पुलिस ने देवास जिला के टोंकखुर्द जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को रूपए 20 हजार की रिश्वत लेने के मामले में रंगे हाथों पकडा है। वे रोजगार सहायक से तबादला करने के एवज में यह रिश्वत की राशि लेते पकड़े गए। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम अंतर्गत उनके विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर नोटिस देकर उन्हें छोड़ा गया है। डीएसपी राजेश पाठक के अनुसार लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक उज्जैन आनंद यादव को 29 सितंबर को आवेदक कृष्ण पाल सिंह पिता भोपाल सिंह रोजगार सहायक, निवासी सोनसर तहसील टोंक खुर्द जिला देवास समक्ष में उपस्थित होकर शिकायत की थी। इसमें बताया था कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सोनी उसका ग्राम पंचायत नावदा में तबादला करने के ऐवज में रूपए 20 हजार की रिश्वत की मांग कर रहे है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शिकायत का सत्यापन लोकायुक्त निरीक्षक दीपक सेजवार के माध्यम से कराया गया था। सत्यापन में शिकायत सत्य पाई जाने से शुक्रवार को योजनाबद्ध रूप से आवेदक कृष्णपालसिंह से मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सोनी को रूपए 20 हजार की रिश्वत लेने के मामले में दो शासकीय गवाहों के सामने पकड़ा गया। आरोपी ने रिश्वत की राशि कार्यालय की टेबल पर रखवा ली थी। लोकायुक्त दल ने आरोपी के हाथ धुलवाकर पानी सिल्ड किया है।

युवक पर लोहे के सरिये से किया हमला

उज्जैन। रात 11.30 बजे पैदल जा रहे युवक पर एक बदमाश ने अचानक आकर हमला कर दिया। घायल युवक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है हमलावर अज्ञात था जो दो पहिया वाहन पर बैठ भाग निकला।

कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि शिवाजी पार्क कॉलोनी में रहने वाला रवि पिता अशोक कुमार राणा रात में क्षीरसागर कुंड के पास से गुजर कर समाज के कार्यक्रम में शामिल होने नीमा धर्मशाला जा रहा था। इस दौरान क्षीरसागर क्षेत्र में खड़ी कारों के बीच से एक बदमाश निकाल कर आया और उसने लोहे के सरिया से रवि पर हमला कर दिया। कुछ लोगों ने घटनाक्रम देखा तो बीच बचाव के लिए पहुंचे तभी हमला करने वाला दो पहिया वाहन पर बैठ भाग निकला। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और घायल से पूछताछ की गई उसने बताया कि वह हमलावर को नहीं पहचानता है। मुंह पर कपड़ा बांधकर आया था उसकी किसी से दुश्मनी भी नहीं है। घायल का कहना था कि संभवत: वह किसी और पर हमला करने आया था लेकिन उसके साथ मारपीट की गई है। पुलिस के अनुसार आसपास क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे हैं। घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

दोस्तों ने रोक कर किया हमला

रात में एमआर 5 मार्ग पर बैंक रिकवरी का काम करने वाले आकाश पिता अनिल सोनी निवासी ढांचा भवन को उसके ही दोस्त समीर और हिमांशु बैरागी ने रॉक और गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया। दोनों आकाश को धमकी देकर भाग निकले। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि आकाश की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है उसका कहना था कि समीर उसके साथ ही काम करता है कोई विवाद भी नहीं था।

गंदगी करने पर जुर्माना

उज्जैन। आयुक्त अभिलाष के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा उपायुक्त संजेश गुप्ता के निर्देशन में निरंतर व्यवसायिक क्षेत्रों का निरीक्षण किया जाकर गंदगी करने, कचरा फेलाने तथा डस्टबीन का उपयोग नहीं तथा प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई किये जाने के साथ ही समझाईश दी जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को स्वास्थ्य अमले द्वारा 4100 का जुर्माना किया गया।

हटाया अवैध अतिक्रमण

उज्जैन। अतिक्रमण गैंग द्वारा शहर में प्रतिदिन अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है जिसके क्रम में शुक्रवार को गैंग द्वारा दो तालाब के पास अवैध ठेले, गुमटियों को हटाने की कार्रवाई लक्ष्मण प्रसाद साहू, साहिल मैदावाला, उपयंत्री योगिता तंवर एवं गैंग प्रभारी राज गोडाले की उपस्थिति में की गई।

करवा चौथ व्रत | **दिनभर बिना कुछ खाए-पिए रहकर पूरा किया कठिन व्रत, बाजारों में रही रौनक, तोहफे देकर पति ने किया प्रसन्न**

करवा चौथ पर चांद निकलते ही महिलाओं के चेहरे खिल उठे, पति के हाथों पिया जल

नवभारत न्यूज

उज्जैन। करवा चौथ पर शुक्रवार को पति की लंबी आयु के लिए दिनभर बिना कुछ खाए-पीए कठिन व्रत रखने महिलाओं के रात में उस समय चेहरे खिल उठे जब आसमान में चंद्रमा नजर आया। चांद निकलते ही महिलाएं छतों पर पहुंची और चंद्रमा को अर्ध्य देकर पूजन किया व पति के हाथों से पानी पीकर व्रत तोड़ा।

करवा चौथ का पर्व खासकर सुहागन महिलाओं के लिए होता है जो पति के लिए यह व्रत रखती है। सुबह से महिलाओं ने घर में रहकर बिना कुछ खाए-पिए यह कठिन व्रत पूरा किया। रात में करवा माता का पूजन किया गया। इसके बाद चंद्रमा के दर्शन होते ही व्रत खोलने की विधि संपन्न की गई। कई जगह महिलाओं ने सामूहिक रूप से एकत्रित होकर भी पूजन किया। पूजन में मिट्टी के करवे भी जल भरकर रखे गए थे।

उज्जैन के करवा माता मंदिर में महिलाएं दर्शन के लिए उमड़ी

करवा चौथ पर उज्जैन के जीवनखेड़ी में स्थित करवा माता मंदिर में महिलाओं की दर्शन-पूजन के लिए भीड़ लगी रही। इय मंदिर में चौथ माता के साथ देवी पार्वती, रिद्धि-सिद्धि, शुभ-लाभ और संतोषी माता विराजित हैं। महिलाएं अखंड सुहाग की कामना के साथ यहां दर्शन के लिए उमड़ती है। उन्हेल बायपास पर स्थित इस मंदिर का निर्माण करीब 20 वर्ष पहले हुआ था। पुजारी कैलाश चंद्र ने बताया कि मंदिर को आम दर्शनार्थ हेतु वर्ष में एक बार ही खोला जाता है। यहां से मां कामाख्या का सिंदूर, नेपाल का सिक्का और रुद्राक्ष महिलाओं को नि:शुल्क ही प्रसाद के रूप में दिया जाता है।

महाकाल में है चौथ माता गणेश मंदिर, महिलाओं ने किए भजन

करवा चौथ पर महाकाल मंदिर परिसर में स्थित गणेश चौथ माता मंदिर में महिला मंडलों ने शुक्रवार को भजनों की प्रस्तुति दी। नवग्रह मंदिर के समीप स्थित इस मंदिर पर सुबह श्रृंगार पूजन किया गया। दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक महाकालेश्वर शयन आरती भक्त मंडल की गीता यादव, महाकाल महिला मंडल की मंजू शर्मा के निर्देशन में विभिन्न महिला मंडलों ने भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी।